मौखिक प्रश्न

प्रश्न 1 शेर अकसर कहाँ रहता है?

उत्तर शेर अकसर जंगलों और कछारों में रहता है।

प्रश्न 2 लड़का किसकी तलाश में निकल पड़ा?

उत्तर लड़का गाय की तलाश में निकल पड़ा।

प्रश्न 3 लड़का किसे देखकर डर से काँपने लगा?

उत्तर लड़का शेर को देखकर डर से काँपने लगा।

प्रश्न 4 शेर पानी पीने कहाँ गया?

उत्तर शेर पानी पीने झरने पर गया।

प्रश्न 5 लड़का कितने दिनों तक पेड़ पर बैठा रहा?

उत्तर लड़का तीन दिनों तक पेड़ पर बैठा रहा।

प्रश्न 6 लड़के को कौन-सी तरकीब सूझी?

उत्तर लड़के को पेड़ के शिखर पर चढ़कर, अपनी धोती खोलकर हवा में उड़ाने की तरकीब सूझी।

प्रश्न 7 झरने के पास कितने आदमी थे?

उत्तर झरने के पास चार आदमी थे।

(P.T.O)

PAGE NO.
DATE

प्रश्न 8 शेर पेड़ के नीचे लड़के का इंतजार क्यों करता रहा?

उत्तर शेर लड़के को खाना चाहता था इसलिए वह पेड़ के नीचे लड़के का इंतजार करता रहा।

प्रश्न 9 शेर ने किन पर छलांग लगाई?

उत्तर लड़के को ढूँढने आए चारों आदमियों पर शेर ने छलांग लगाई।

लिखित प्रश्न-उत्तर

प्रश्न 1 गड़रिए का लड़का रात में जंगल क्यों गया?

उत्तर गड़रिए का लड़का रात में जंगल गाय की तलाश में गया।

प्रश्न 2 पेड़ के नीचे शेर को देखकर लड़के पर क्या प्रतिक्रिया हुई?

उत्तर पेड़ के नीचे शेर को देखकर लड़का घबरा गया और उसने पेड़ की डाल को कसकर पकड़ लिया।

प्रश्न 3 शेर से बचने के लिए लड़के ने क्या तरकीब सोची?

उत्तर शेर से बचने के लिए लड़के ~~ने~~ को एक तरकीब सूझी वह पेड़ के शिखर पर चढ़ गया और अपनी धोती खोलकर हवा में उड़ाने लगा, यह

Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

सोचकर कि शायद किसी शिकारी की नजर पड़ जाए।

प्रश्न 4 लड़के ने किस प्रकार अपनी जान बचाई ?

उत्तर लड़के ने पेड़ के शिखर पर चढ़कर अपनी धोती को हवा में उड़ाया, जिसे झरने के पास खड़े चार आदमियों ने देख लिया और उनकी सहायता से लड़के ने अपनी जान बचाई।

प्रश्न 5 पाठ के आधार पर लड़के के स्वभाव की विशेषताएँ बताइए।

उत्तर लड़का बहादुर स्वामिभक्त एंव स्वाभिमानी था।